लगाना, जिसके बारे में एक करार विचाराधीन है, उस कार्यक्रम के अतिरिक्त है जिस के अन्तर्गत सन् 2000 तक 10000 मेगावाट क्षमता के रिएक्टर लगाये जाने हैं।

बांगलादेश में अल्पसंख्यकों के संबंध में श्रीमती शेख हसीना वाजेद का कथित वक्तव्य

4436. **श्री राम जेठमलानी :**

श्री राम अवधेश सिंह :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान बांगलादेश की अवामी लीग पार्टी की नेता श्रीमती शेख हसीना वाजेद द्वारा कलकत्ता विमान पत्तन पर दिये इस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है कि बांगलादेश में अब अल्पसंख्यक अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं ;

(ख) क्या सरकार को इस संबंध में कोई तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त हुई है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. नटवर सिंह) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) सरकार ने इस आशय की खबरें देखी हैं। तथापि, बांगला देश की सरकार ने ढाका स्थित हमारे हाई कमीशन को यह आश्वासन दिया है कि वहां के अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा की जायगी।

सिंचाई क्षमता का उपयोग

4437. **श्री राम जेठमलानी :** क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश की सिंचाई क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है ;

(ख) तो क्या यह भी सच है कि इस क्षमता के उपयोग को बढ़ाने के लिये कमांडर एरिया डिवलपमेंट कार्यक्रम क्रियान्वित किया गया था ;

(ग) यदि हां, तो पिछले 3 वर्षों के दौरान देश की सिंचाई क्षमता कितनी रही; और इस क्षमता के उपयोग की स्थिति क्या रही ; और

(घ) सरकार ने इस क्षमता के अधिकतम उपयोग का क्या लक्ष्य निर्धारित किया है ?

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) छठी योजना अवधि के अन्त तक, 67.53 मिलियन हेक्टेयर की सृजित सिंचाई क्षमता की तुलना में 60.58 मिलियन हैक्टर की क्षमता का उपयोग किया जा रहा था।

(ख) कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम का उद्देश्य अन्यों के साथ-साथ सिंचाई क्षमता के उपयोग में सुधार करना है।

(ग) सिंचाई क्षमता (मिलिअन हेक्टेयर में)

छठी योजना (1984-85) तक सृजित	**67.53**	**छठी योजना-1984-85 तक उपयोग की गयी**	**60.58**
1985-86 (उपलब्धि)	**2.09**	**1985-86 उपलब्धि**	**1.55**
1986-87 (प्रत्याशित उपलब्धि)	**2.32**	**1986-87 प्रत्याशित उपलब्धि**	**2.04**
1987-88 (लक्ष्य)	**2.38**	**1987-88 (लक्ष्य)**	**2.05**